सा विद्या या विमुक्तये
SCERT UK

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तराखण्ड
State Council of Educational Research and Training Uttarakhand,
Nanoorkhera, Dehradun
Phone: : 0135–2789655, फैक्स: 0135–2789656
e-mail: scertuk@gmail.com, scertuk.te@gmail.com

पत्रांक : SCERT / शि.शि. सेवापूर्व / 11360-61 / दो–I (92) / 2025–26 दिनांक 07 मार्च, 2026

द्विवर्षीय डी.एल.एड. (D.El.Ed.) प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा 2025 के अन्तर्ग प्रतीक्षा सूची से चयनित अभ्यर्थियों की राज्य स्तरीय काउंसलिंग संबंधी सूचना

द्विवर्षीय डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा 2025 में प्रथम राज्य स्तरीय काउंसलिंग के उपरान्त पात्र अभ्यर्थियों के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट्स) में प्रवेशोपरान्त रिक्त रह गई सीटों को प्रतीक्षा सूची से चयनित अभ्यर्थियों के माध्यम से भरने हेतु राज्य स्तरीय काउंसलिंग एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड, देहरादून में दिनांक 13 मार्च, 2026 को आयोजित की जानी है। उक्त काउंसलिंग में अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करते हुये निर्देशित किया जाता है कि सभी अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य समस्त वांछनीय प्रमाण पत्रों (जिनका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया गया है) सहित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एस.सी.ई.आर.टी.) उत्तराखण्ड, देहरादून के सभागार में दिनांक 13–03–2026 को प्रातः 10:00 बजे से निम्नलिखित विवरणानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में आपका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त समझा जाएगा एवं इस संबंध में आपका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

दिनांक	वर्ग	प्रतीक्षा सूची के चयन सूची (औपबन्धिक) का क्रमांक
13–03–2026	विज्ञान वर्ग	1 से 68 तक
13–03–2026	विज्ञानेत्तर वर्ग	1 से 75 तक

नोट : उपरोक्त तिथि में अपरिहार्य परिस्थितियों में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 14 मार्च, 2026 को काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

प्रस्तावित काउंसलिंग में सम्मिलित होने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड, देहरादून की वेबसाइट https://scert.uk.gov.in, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् उत्तराखण्ड, रामनगर, नैनीताल की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in तथा निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून की वेबसाइट www.schooleducation.uk.gov.in पर उपलब्ध हैं।

7.3.26

(पदमेन्द्र सकलानी)
अपर निदेशक
एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड
देहरादून

पृ.सं. : SCERT / शि.शि. सेवापूर्व / 11360-61 / दो–I (92) / 2025–26 दिनांक– उक्तांकित्।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रधान सम्पादक, अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान को इस निर्देश के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को 12 X 10 सेमी. के साइज में अपने लोकप्रिय दैनिक सामाचार पत्र के उस पृष्ठ पर प्रकाशित करेंगे जिसका प्रचार–प्रसार पूरे राज्य में है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के बाद जिला सूचना अधिकारी से राजकीय दरों पर बिल प्रमाणित कर दो प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
2. मुख्य शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद उत्तराखण्ड एवं प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद उत्तराखण्ड को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति के व्यापक प्रचार–प्रसार के दृष्टिगत अपने जनपद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

अपर निदेशक
एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड
देहरादून